विवरण

गन्ने के क्षेत्र का राज्य-वार प्राक्कलन,1997-98

राज्य	क्षेत्र (हजार हैक्टेयर)
1	2
आंध्र प्रदेश	192.0
बिहार	170.0
गुजरात	155.0
हरियाणा	140.0
कर्नाटक	241.0
महाराष्ट्र	460.0
पंजाब	132.0
तमिलनाडु	293.0
उत्तर प्रदेश	1956.0
अन्य	178.0
समस्त भारत	3917.0

दिल्ली दुग्ध योजना को दिया जाने वाला वार्षिक अनुदान

2442.**श्री रामगोपाल यादव**:
श्री ईश दत्त यादव:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा दिल्ली दुग्ध योजना को प्रतिवर्ष कितना अनुदान प्रदान किया जाता है और उक्त योजना द्वारा उसका उपयोग किस प्रकार किया जाता हैं;

(ख) क्या यह सच है कि अधिकारियों की मिली भगत् से दिल्ली दुग्ध योजना के दूध की धड़ल्ले से कालाबाज़ारी हो रही है;

(ग) यदि हां,तो क्या सरकार ने दूध की कालाबाजारी को रोकने और इस संबंध में जिम्मेदारी निर्धारित करने के लिए अब तक कोई कार्यवाही की है;और

(घ) यदि हां,तो क्या कार्यवाही की गई है और दूध की कालाबाज़ारी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के लोगों को सस्ते मूल्य पर दूध उपलब्ध कराने की योजना को किस प्रकार सफल बनाया जाएगा ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सोम पाल): (क) दिल्ली दुग्ध योजना को केन्द्र सरकार द्वारा विगत तीन वर्षो के दौरान प्रदान की गई बजटीय सहायता इस प्रकार है:-

वर्ष	बजटीय सहायता(लाख रूपए में)
1995-96	4,514.31
1996-97	4,967.60
1997-98	5,847.60

बजटीय सहायता का उपयोग राजस्व प्राप्तियां तथा उस खर्च के बीच के अंतर को पूरा करने के लिए किया जाता है जो दूध की उत्पादन लागत तथा बिक्री मूल्य के अंतर के कारण हैं ।

(ख) से (घ) दिल्ली दुग्ध योजना,दूध को अन्य आपूर्तिकत्ताओं की तुलना में काफी कम मूल्य पर बैच रही है । इसके परिणामस्वरूप,दिल्ली दुग्ध योजना के दुग्ध बूथों पर इसकी भारी मांग है । कालाबाजारी से संबंधित शिकायतों पर ध्यान दिया जा रहा है तथा उनके सही पाए जाने पर वरिष्ठ डिपो एजेंट/डिपो एजेंट/लाभार्थियों आदि की एजेंसियों को रद्द करने सहित कार्रवाई की जाती है । उपभोक्ता सलाहकार समिति तथा रेजीडेंट वैलफेयर एसोसिएशन की विवरण तंत्र के साथ तेजी से जुड़ रही है ताकि इसे न्यायसंगत बनाया जा सके ।

Production of Cocoa in the Country

2443. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the total production of cocoa in the country during each of the last three years till May 1998, State-wise;

(b) whether Government have con ducted any study/research for increasing the production of cocoa in the country, particularly in the State of Orissa; and

(c) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): (a) The details are given in the enclosed Statement. *(See* below).